# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{06 फाल्गुन, 1942 (श०)}}{\text{25 फरवरी, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 110

| | | |
|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. .. | 11 |
| (2) | नगर विकास एवं आवास विभाग .. .. .. | 45 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. .. | 21 |
| (4) | कृषि विभाग .. .. .. | 16 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग .. .. .. | 12 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग .. .. .. | 02 |
| (7) | सहकारिता विभाग .. .. .. | 03 |
| | कुल योग -- | 110 |

मैरेज हॉल बनाना

*320. श्री विजय कुमार मंडल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस नगर पंचायत की आबादी 30,000 तथा कोवाथ नगर पंचायत की आबादी 25,000 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों नगर पंचायत में सम्राट अशोक मैरेज हॉल नहीं होने से आमजनता को काफी परेशानी होती है, जबकि उक्त नगर पंचायत में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन का अधिग्रहण कर सम्राट अशोक मैरेज हॉल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*321. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कटैया पंचायत अन्तर्गत महथौर कटैया में मिनी ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत वर्ष 2012-13 में 25 लाख की लागत से जलापूर्ति योजना का कार्य प्रारंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत बोरिंग, छिद्रण एवं जलापूर्ति टैंक के निर्माण के उपरान्त शेष कार्य अभी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण 2000 की आबादी स्वच्छ पेयजल से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजना के पूर्ण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

--------

नगर पंचायत बनाना

*322. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले में एस0एच0 8 के किनारे बसा पकरीबरावाँ प्रखंड मुख्यालय में एक बड़ा बाजार है तथा इसके दो पंचायत पकरीबरावाँ उत्तरी तथा पकरीबरावाँ दक्षिणी है, जिसकी जनसंख्या लगभग 30 हजार है, जो नगर पंचायत बनने की सारी अर्हता पूरी करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पकरीबरावाँ को नगर पंचायत बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*323. श्री विनय कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरूआ प्रखंड में पशु अस्पताल विगत 20 वर्षों से विभागीय लापरवाही के चलते भाड़े के मकान में चल रहा है, जबकि उक्त प्रखंड में पशु अस्पताल की अपनी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पशु अस्पताल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*324. श्री कुंदन कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र में 28 पंचायत में स्वीकृत 59 सरकारी अमीन पद के विरुद्ध मात्र 2 अमीन के कार्यरत होने के कारण जमीन एवं सड़क संबंधित विवाद सुलझ नहीं पाता है, जिससे आमलोगों में काफी आक्रोश है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में स्वीकृत पद के विरुद्ध सरकारी अमीन का पदस्थापन करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान कराना

*325. सुश्री श्रेयसी सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला में किसानों से जो धान की खरीद की जा रही है उसमें पक्की रसीद नहीं दी जा रही है, जिससे किसानों को भुगतान प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार धान खरीद में पक्की रसीद कबतक देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डी0बी0टी0 पोर्टल से जोड़ना

*326. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले में महाराजगंज नगर पंचायत को कृषि इनपुट अनुदान के लिये डी0बी0टी0 पोर्टल से नहीं जोड़े जाने के कारण उक्त नगर पंचायत क्षेत्र के क्रमशः 6 (छः) राजस्व ग्राम-कपियाँ निजामत, कपियाँ जागिर, सिहौता, इन्दौली, रामापाली एवं पसनौली के हजारों किसानों के फसल नुकसान होने के बावजूद कृषि इनपुट अनुदान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महाराजगंज नगर पंचायत क्षेत्र को कृषि इनपुट अनुदान के लिये डी0बी0टी0 पोर्टल से जोड़ने एवं उक्त राजस्व ग्राम के किसानों के हुये फसल नुकसान का मुआवजा दिलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अवैध वसूली रोकना

*327. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत बिहपुर अंचल में छः हलका में केवल दो राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं एवं राजस्व कर्मचारी मो0 बदरे आलम द्वारा मो0 रियाज उर्फ राजू, मोहन सिंह सहित आठ से दस निजी आदमी को सहायक के रूप में रखकर लोगों से अवैध वसूली किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अंचल के सभी हलकों के लिये राजस्व कर्मचारी बहाल कर निजी आदमी द्वारा लोगों से अवैध वसूली रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशन कार्ड दिलाना

*328. श्री प्रेम शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज अन्तर्गत प्रखंड बैकुण्ठपुर, सिधवलिया एवं बरौली के लगभग दस हजार नये राशन कार्ड के लिये दिये गये आवेदन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घोर उदासीनता के कारण लंबित पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में नये राशन कार्ड के लिये लम्बित पड़े आवेदन-पत्रों की जाँच कराकर लाभार्थी को राशन कार्ड उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुशंसा लेना

*329. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्तर पर 15वीं विधान सभा के माननीय सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक पंचायत में पेयजल हेतु 5-5 चापाकल अनुशंसा करने का प्रावधान था, जो 16वीं विधान सभा में हर घर नल का जल योजना लागू होने के बाद उक्त योजना को बन्द कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हर घर नल का जल योजना के तहत घनी आबादी वाले गाँव तक ही पेयजल उपलब्ध कराया गया है, परन्तु गाँव से थोड़ा हटकर दो-चार घर वाले टोलों एवं चौक-चौराहों पर हर घर नल का जल योजना नहीं पहुँच पाने के कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुनः सदस्य, विधान सभा को प्रत्येक पंचायतों में 5-5 चापाकल अनुशंसा करने का अधिकार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार बनाना

*330. श्री विनय कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के बेलौटी पंचायत में बैजूधाम मंदिर में पूजा-पाठ के अलावे शादी-विवाह हेतु लोग आते-जाते रहते हैं, परंतु पेयजल उपलब्ध नहीं रहने के कारण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर जलमीनार स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूर्ण करना

*331. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के एक बड़े भू-भाग में जल-जमाव से मुक्त करने हेतु दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के दोनार से टिनही पुल तक 24 करोड़ की लागत से 2018 ई0 में बड़े नाले का निर्माण कराने की योजना स्वीकृत की गई थी, स्वीकृति के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक योजना का 25 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना को कबतक पूर्ण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा का भुगतान

*332. श्री मुकेश कुमार यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में बाजपट्टी, नानपुर, बोखरा प्रखंड के किसानों को पिछले वर्ष 2020 के बाढ़ में हुए फसल क्षति का मुआवजा राशि का भुगतान अबतक नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*333. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत में 1998 में निर्मित यात्री शेड जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त यात्री शेड का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सीवरेज प्लांट का निर्माण

'क'-*334. श्री छत्रपति यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया नगर परिषद् के 26 वार्डों में जल निकासी हेतु चालीस वर्ष पूर्व बने सीवरेज प्लांट (पम्प हाउस) से समुचित जल-निकासी नहीं होने के कारण निवासियों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नगर परिषद् के बलुआही एवं रामचन्द्र में सीवरेज प्लांट (पम्प हाउस) का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शवदाह गृह बनाना

*335. श्री पवन कुमार यादव --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक अनुमंडल में विद्युत् ताप शवदाह गृह का निर्माण कराया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव अनुमंडल स्थित श्मशान घाट में विद्युत् ताप शवदाह गृह एवं शेड का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे दाह कर्म करने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में विद्युत् ताप शवदाह गृह एवं शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'- पंचायती राज विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग को प्राप्त ।

न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाना

*336. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार राज्य में दलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार के सहयोग से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन की खरीद करने की योजना है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन की खरीद शुरू करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्कीकरण कराना

*337. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर नगर परिषद् के पूर्वी गोला रोड स्थित वार्ड नं0 35 के मोहल्ला चन्द्रशेखर नगर में सेंट करैंस स्कूल से पूरब शुभम् फ्रेंडस मैरेज गार्डेन होते हुए सुशीला इन्कलेव अपार्टमेन्ट तक की सड़क कच्ची रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के मौसम में जल-जमाव हो जाने के कारण आवागमन पूर्णतया बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण नाला सहित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सीमांकन कराना

*338. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड में स्थित पशु अस्पताल को अंचलाधिकारी द्वारा आठ कट्ठा भूमि उपलब्ध कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि में से आधा से अधिक गड्ढानुमा है, जिसके कारण पशुपालकों एवं चिकित्सकों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय के जमीन का सीमांकन के साथ मिट्टी भराई कराकर कबतक समतल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*339. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुल्तानगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम उधाडीह, पंचायत भीरखुर्द स्थित पार्क की भूमि को गाँव को पूर्वजों द्वारा दान में दी गयी थी, जिसका खाता नं0 22, खेसरा 175, रकबा 1.15 डिसमिल है, जिसको भू-माफियाओं द्वारा गलत ढंग से अपने नाम करा कर अतिक्रमित किया जा रहा है तथा इस संबंध में लगभग 1 वर्ष पूर्व प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जिला पदाधिकारी से शिकायत की गयी थी और अनुमंडल पदाधिकारी, भागलपुर को कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया था, जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्वजों द्वारा दान में दी गयी उक्त लोक उपयोगी पार्क की भूमि को अतिक्रमणकारी से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*340. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का पद रिक्त है, जिसके कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ठीक से किसानों को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी की पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा दिलाना

*341. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन0एच0-83 फोर लेन निर्माण हेतु जहानाबाद जिला के जहानाबाद अंचल में जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, परंतु जमीन अधिग्रहण में सैकड़ों किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलने के कारण किसान आक्रोशित है और कार्य अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अंचल में अधिग्रहण कर रहे भूमि का उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*342. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर अन्तर्गत प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, नारायणपुर के लिये बिहार सरकार की जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी अभी तक प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, जिसके कारण पशुओं के इलाज के लिये लोगों को बाहर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण हटाना

*343. श्री मनोज कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत अंचल कल्याणपुर के सिसवा खरार पंचायत के मननपुर सरकारी परती जमीन जो करीब 10-12 बिगहा में है, जिसका उपयोग सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिये किया जाता है, जिसके कुछ भाग पर कुछ स्वार्थी व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सरकारी परती जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*344. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के पत्रांक 6/वि०-1023/19-3762, दिनांक 9 अगस्त, 2019 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा को नवादा प्रखंड के महुली पंचायत के विभिन्न गाँवों के सूखा क्षेत्रों में आपदा निधि से चापाकल लगाने का आदेश दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा महुली पंचायत में विभागीय आदेश से निर्धारित की गयी स्थानों को छोड़कर स्थानीय बिचौलियों के साथ मिलकर अन्यत्र स्थानों पर चापाकल लगा दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये नवादा प्रखंड के महुली पंचायत में विभागीय आदेश के अनुरूप निर्धारित स्थानों पर चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*345. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दो वर्ष पूर्व पटना स्थित भूतनाथ रोड के किनारे नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जो सड़कें तोड़ी गयी है, उन सड़कों का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है, तथा सड़क खुदाई में सड़क किनारे लगाये गये स्ट्रीट लाईट के तार काट दिये गये थे, जिससे बिजली पोलों पर लगे हाई मास्ट लाईट पिछले दो वर्षों से नहीं जल रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों को निर्माण एवं बिजली के तारों को जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शवदाह गृह का निर्माण

*346. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा प्रमंडलीय मुख्यालय होने के बावजूद दरभंगा शहर के सबसे बड़े श्मशान घाट जो शुभंकरपुर में स्थित है, में विद्युत् शवदाह गृह नहीं रहने के कारण शवों को अंतिम संस्कार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शुभंकरपुर श्मशान घाट में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पार्क का निर्माण

*347. श्री मुकेश कुमार रौशन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ अनुमण्डल में कोई पार्क नहीं रहने से नागरिकों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार महुआ में पार्क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*348. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड मुख्यालय में एक सरकारी गौशाला अवस्थित है, जिसके संचालन हेतु समय-समय पर सरकारी अनुदान सहित 25 बीघा सरकारी जमीन एवं 100 दुकान उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गौशाला के सफल संचालन हेतु अनुमंडलाधिकारी द्वारा पाँच वर्ष पर गौशाला प्रबंधन समिति का गठन कर वार्षिक लेखा-जोखा सहित अन्य कार्यों का निष्पादन कराया जाता है, किन्तु कभी भी उक्त गौशाला से होने वाली आय-व्यय का ऑडिट नहीं कराये जाने के कारण लोगों में असंतोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गौशाला से प्रतिवर्ष होने वाली आय-व्यय तथा प्राप्त होने वाली सरकारी अनुदान की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*349. श्रीमती स्वर्णा सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत किरतपुर अंचल के मौजा बरदीपुर के लक्ष्मीपुर ककोरबा में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री नन्द किशोर राय द्वारा मौजा बरदीपुर थाना नं० 428, खाता नं० 240 पुराना 145, नया खेसरा नं० 1306, पुराना 1776 नया रकवा पाँच कट्ठा जमीन महामहिम राज्यपाल, बिहार के नाम से उक्त अस्पताल के निर्माण हेतु स्वेच्छा से निबंधित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी मुहैया कराना

*350. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड के सोनबरसा पंचायत में हर घर नल का जल योजना अंतर्गत पानी टंकी बना हुआ है, परंतु उक्त टंकी से लोगों के घरों में शुद्ध पानी मुहैया नहीं कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत मुख्यालय में स्थापित पानी टंकी से लोगों के घरों में शुद्ध पानी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*351. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड में विभाग द्वारा निर्मित सौर ऊर्जा चलित मिनी जल आपूर्ति से जलापूर्ति नहीं हो रहा है तथा बोरिंग करने के बाद भी विगत दो वर्षों से जलापूर्ति नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पानी टंकी से कबतक जल आपूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलजमाव दूर करना

*352. श्री राजेश कुमार गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम शहर के वार्ड नं० 25, 36, 39, 40 में जलजमाव लगा रहता है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्डों को जलजमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*353. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 3297, दिनांक 22 जुलाई, 2019 के द्वारा आपदा निधि से 12 समरसेबूल चापाकल लगाकार अनुपालन प्रतिवेदन मुख्यालयं भेजने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हिलसा को दिया गया था, जबकि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हिलसा ने अभीतक अनुपालन प्रतिवेदन मुख्यालय को नहीं भेजा है, यदि हाँ, तो सरकार विभागीय पत्रांक 3297, दिनांक 22 जुलाई, 2019 के दिशा-निर्देश का अनुपालन कराने के साथ ही दोषी पर कबतक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

औचित्य बतलाना

*354. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग द्वारा राज्य के सभी 8406 पंचायतों में किसान सलाहकारों को कार्यालय संचालन हेतु एवं रख-रखाव हेतु प्रति माह एक-एक हजार कुल दो हजार रुपये तथा कुर्सी, टेबल, आलमीरा के लिये एक मुश्त 30 हजार दिया गया है, परंतु राज्य के 90 प्रतिशत पंचायतों में संचालित होने वाले कार्यालय के स्थानों की सूची बीएओ/डीएओ कार्यालय को नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------------

मुआवजा दिलाना

*355. श्री कुंदन कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड अन्तर्गत कोला चैउर में गत वर्ष ओलावृष्टि एवं आँधी के कारण सोयाबीन उत्पादक कृषकों का फसल बर्बाद हो गया था, जिसके कारण कृषकों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कृषकों को फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*356. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बौसी के ग्राम कामत टोला बौसी के वार्ड नं० 9 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामत टोला जानेवाली सड़क से ऋषिदेव टोला होते हुये डोमी मोहली के घर तक 500 फीट तक सम्पर्क सड़क नहीं है, जबकि वहाँ 40 महादलित परिवार बसे हुये हैं जिन्हें निजी जमीन होकर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जमीन अधिग्रहण कर सम्पर्क सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*357. श्रीमती मीना कुमारी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखण्ड लदनियां में स्थित पशु अस्पताल भवनहीन है, जिसके कारण पशुओं के इलाज हेतु दवा का रख-रखाव में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु अस्पताल का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आधारभूत संरचना का निर्माण

*358. श्री नीतीश मिश्रा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल के सुखेत ग्राम में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस केन्द्र पर भूमि की पर्याप्त मात्रा होने के बावजूद 5 वर्ष पूर्व से इसके आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं किये जाने के कारण कृषि विज्ञान संबंधी कार्यों का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुखेत स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि का भुगतान

*359. श्रीमती नीतू कुमारी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत सभी पैक्स अध्यक्षों के द्वारा किसानों के यहां से धान एवं गेहूँ की अधिप्राप्ति के उपरान्त केवल कॉपरेटिव बैंक के ही शाखा से राशि का भुगतान किसानों को किये जाने के कारण किसानों को बिचौलियों एवं अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त बैंक के अतिरिक्त अन्य बैंक की शाखाओं से राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*360. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के काशनगर पंचायत के वार्ड नं० 9 में शेम्ब्रेम फिल्टर कम्पनी के द्वारा वर्ष 2014-15 में जलापूर्ति योजना प्रारंभ हुयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी द्वारा जलापूर्ति योजना का कार्य आधा-अधूरा करके छोड़ दिया गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जलापूर्ति योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जलापूर्ति योजना की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त योजना का कार्य पूर्ण कराकर आम नागरिकों को लाभान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दूषित पानी का ट्रीटमेंट

*361. सुश्री श्रेयसी सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई नगर परिषद् के सीवेज एवं नाला का पानी बिना ट्रीटमेंट के किउल नदी में गिरा दिया जाता है जिसके कारण नदी का पानी दूषित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जमुई नगर परिषद् के सीवेज एवं नाला का पानी का ट्रीटमेंट करके उक्त नदी में गिराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं नाला का निर्माण

*362. श्री छत्रपति यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया नगर परिषद् के पोस्ट ऑफिस रोड में पक्की सड़क एवं नाला नहीं रहने से जल-जमाव के कारण नगरवासियों को आवागमन में बहुत कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं नाला का निर्माण

*363. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नम्बर 19 में खालिद हुसैन के घर से पत्रकार कमर मासूम के घर होते हुये अली हसन के घर तक सड़क एवं नाला नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*364. श्रीमती मीना कुमारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ अंचल में स्वीकृत एक पद पर सरकारी अमीन कार्यरत नहीं रहने के कारण जमीन से संबंधित कार्य लम्बित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अंचल में सरकारी अमीन का पदस्थापन करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कोल्ड स्टोरेज का निर्माण

*365. श्री मुहम्मद इजहार असफी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड में आलू एवं प्याज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज नहीं रहने के कारण किसान औने-पौने दाम पर उक्त फसल बेचने को मजबूर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रास्ता उपलब्ध कराना

*366. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड के रेशना पंचायत में डफरा टोला के दक्षिण भाग में अवस्थित शर्मा टोला वार्ड नम्बर 12 में लगभग तीन सौ घर बने है, जिसमें लगभग दो हजार की आबादी है तथा इनमें अधिकांशतः दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य है, परंतु निवासियों को मुख्य सड़क तक आने के लिये कोई कच्ची या पक्की सड़क नहीं रहने के कारण वे लोग दूसरे किसानों के खेत होकर पैदल आने-जाने को मजबूर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के निर्माण कार्य हेतु कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि भुगतान कराना

*367. श्री नीतीश मिश्रा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के कमला बलान नदी पर बन रहे आर0सी0सी0 पुल के लिये अधिगृहित भूमि के भू-दाताओं को अभीतक राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है एवं पुल निर्माण में भी अड़चन आ रही है, यदि हाँ, ती क्या सरकार भू-दाताओं को राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कोल्ड स्टोरेज का निर्माण

*368. श्री चन्द्र शेखर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिससे वहाँ के किसानों को अपना कृषि उत्पाद के सुरक्षित भंडारण में काफी समस्या होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मधेपुरा अनुमंडल मुख्यालय एवं उदाकिशनगंज अनुमंडल मुख्यालय में एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा का भुगतान

*369. श्री राजेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ, फुलवरिया से भटनी तक रेल लाइन का वर्ष 2005-06 में निर्माण हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेल लाइन हेतु अधिगृहित की गयी जमीन के मुआवजा का भुगतान अभीतक संबंधित किसानों को नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मुआवजे का भुगतान संबंधित किसानों को कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण पर रोक

*370. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड में मौजा-पभेड़ा, थाना नम्बर 102, खाता 373, खेसरा 164 किस्म मरघट है, जिसपर पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मरघट किस्म के जमीन पर पंचायत सरकार भवन निर्माण कराने पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*371. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर तथा शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में आदर्श पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को पशुओं का इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में पशु चिकित्सालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*372. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में बारून प्रखंड को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत के गठन में गड़बड़ी हुई है और इसमें रेलवे स्टेशन, खैरा गाँव, करमडीह, पिपरा, सोननगर, शेखबिगाहा, खजुरी फार्म, केशोपुर आदि समीपवर्ती गाँवों को शामिल नहीं किया गया है जिससे क्षेत्र की जनता में असंतोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत के गठन की जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुये गाँवों को खंड (2) में वर्णित उक्त नगर पंचायत में जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्किंग की व्यवस्था

*373. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी शहर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण नागरिकों द्वारा विवश होकर गाड़ियाँ जहाँ-तहाँ लगा दी जाती हैं, जिसके कारण प्रत्येक दिन जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*374. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नम्बर 19 में शेख मसूद के घर से रब्बानी साहब के घर तक एवं इश्तयाक साहब के घर से कोशीधार तक आर0सी0सी0 नाला नहीं रहने के बरसात के दिनों में सड़क पर पानी जमा होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर आर0सी0सी0 नाला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नगर पंचायत बनाना

*375. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड के तरैया पंचायत, चैनपुर पंचायत एवं पंचभीण्डा पंचायत की आबादी लगभग 15000 से अधिक है तथा नगर पंचायत बनने की सभी अर्हताओं को पूरा करना है, तो क्या सरकार तरैया पंचायत, चैनपुर पंचायत एवं पंचभीण्डा पंचायत को मिलाकर तरैया नगर पंचायत का गठन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

टैक्स माफ करना

*376. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कोविड-19 के कारण बोध गया, राजगीर, नालंदा एवं वैशाली जिलों में होटल व्यवसाय पूर्णतः समाप्त हो गया है, जिसके कारण होटल व्यवसायी नगर पंचायत का होल्डिंग टैक्स देने में असमर्थ हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिलों के होटल व्यवसायियों का होल्डिंग टैक्स माफ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाईट लगाना

*377. श्री छत्रपति यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया नगर परिषद् के 26 वार्डों में स्ट्रीट लाईट के अभाव के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्डों में कबतक स्ट्रीट लाईट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाली बनाना

*378. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी नगर परिषद् के तरेगना रेलवे स्टेशन से उत्तर मेन रोड से पश्चिम कुम्हरटोली होते हुए न्यू मणीचक सूर्यमंदिर की ओर जानेवाली सड़क में पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण जल-जमाव की स्थिति रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ नाली बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्कीकरण कराना

*379. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर परिषद् के जबलपुर संथाल टोला से महंत बाड़ी तक सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बंदोबस्ती आरम्भ करना

*380. डॉ0 संजीव कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने पिछले 06 वर्षों से टोपो लैंड की बंदोबस्ती बंद कर रखी है, जिस कारण गैर-मजरूआ जमीन का रसीद भी नहीं कट रहा है तथा 50 साल से जो व्यक्ति उक्त जमीन पर निवास कर रहे हैं उन्हें काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार टोपो लैंड का बंदोबस्ती आरंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*381. <u>मो0 आफाक आलम</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर परिषद्, के मोहनी टिक्कापुर गाँव से चिमनी बाजार तक सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाजार स्थापित करना

*382. <u>श्री अजय कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगरपालिका क्षेत्र सब्जी का प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में से एक है, परंतु सब्जी उत्पादकों के लिए समुचित बाजार नगरपालिका क्षेत्र में नहीं होने से उत्पादों का सही दाम नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगरपालिका क्षेत्र में सब्जी उत्पादों का बाजार स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नगर पंचायत बनाना

*383. <u>श्री जनक सिंह</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ईसुआपुर प्रखंड के ईसुआपुर पंचायत, आतानगर पंचायत एवं डाटापुर पंचायत को आबादी लगभग 15000 से अधिक है तथा नगर पंचायत बनने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार ईसुआपुर पंचायत, आतानगर पंचायत एवं डाटापुर पंचायत को मिलाकर ईसुआपुर नगर पंचायत का दर्जा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*384. <u>श्रीमती नीतु कुमारी</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अंतर्गत हिसुआ विधान सभा क्षेत्र के हिसुआ प्रखंड के हिसुआ नगर पंचायत में नगर पंचायत सरकार भवन का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है तथा भवन निर्माण में निम्न स्तर की सामाग्री का उपयोग किये जाने के कारण बरसात के मौसम में छत से पानी का रिसाव होता है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्चा दिलाना

*385. <u>श्री विजय सिंह</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड में गंगा नदी के कटाव से पीड़ित परिवारों को दक्षिणी भंडार तल, पूर्वी बाड़ी नगर एवं गुरूमेला पंचायत में बसाया गया है, परन्तु वासगीत पर्चा नहीं दिये जाने के कारण पीड़ित परिवार सरकारी सुविधा से वंचित है। यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बसे पीड़ित परिवारों को वासगीत पर्चा दिलाकर सरकारी सुविधा का लाभ दिलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा दिलवाना

*386. श्री चन्द्र शेखर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के किसानों को धान, गेहूँ, मक्का (मुख्यत: खरीफ एवं रबी फसल) की आपदाओं से क्षति होने पर फसल क्षति मुआवजा दी जाती है, परंतु साग-सब्जी के उत्पाद की आपदाओं से क्षति पर मुआवजा राशि देने का प्रावधान नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार हरी साग-सब्जी के आपदाओं से क्षति होने पर किसानों को उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*387. श्री प्रणव कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में कोड़ा मैदान, चौबरिया शादीपुर, वासुदेवपुर होते हुये नया गाँव चौराहा तक 08 कि० मी० सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*388. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत फरकिया के ग्राम-कालाबाँध में स्थित प्राथमिक विद्यालय, कालाबाँध सड़क से 50 कदम की दूरी पर स्थित है, जहाँ पहुँचने के लिये बच्चों को निजी जमीन होकर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बच्चों को स्कूल तक जाने के लिये सम्पर्क सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*389. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में औरंगाबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों में पी० डब्लू० एस० डी० एफ० आई० एवं सोलर मिनी जलापूर्ति योजना का कार्य कराया गया था, परन्तु विभाग के अधिकारियों एवं कार्य करने वाली एजेंसी के मिली भगत से उक्त कार्य को पूरा किये बिना ही सरकारी राशि का भुगतान कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये योजना को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्कीकरण कराना

*390. श्री अवध बिहारी चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान नगर परिषद् में मखदुम सराय से बाबुनिया सड़क तक एवं लालकोठी से दाहा नदी तक नाला के दोनों तरफ सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्कीकरण कराना

*391. श्री रितलाल राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के वार्ड सं० 3 के लोहिया पथ (जगदेव पथ) में लॉरिस्टन वैली स्कूल के पश्चिम से लेकर सौभाग्य शर्मा पथ में लाखन राज अपार्टमेन्ट तक कच्ची सड़क है तथा इस पथ में गीता प्लाजा, सरयुग वामिका, सनराईज नारायण पैलेस, शान्ति वाटिका, लाखनराज, मैत्री छाया जैसे कई अपार्टमेन्ट और लगभग 300 निजी मकान अवस्थित हैं, जिसके करीब पाँच हजार निवासी बरसात के दिनों में नारकीय स्थिति में आवागमन को मजबूर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय निवासियों द्वारा उक्त पथ के पक्कीकरण हेतु कई स्तर पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है किन्तु अभीतक सड़क का पक्कीकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान के कच्ची सड़क को पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा का भुगतान

*392. श्री निरंजन राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखंड में मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना के तहत वर्ष 2020 में बी० आर० बी० एम० के द्वारा 26 किसानों को 1440 किलो ग्राम गेहूँ एच० डी० 2967 नं० का बीज बुआई के लिये वितरण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बीज अंकुरित नहीं होने के कारण किसानों को पूर्ण क्षति एवं भूमि उपजविहीन रह गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त प्रखंड में 26 किसानों को विशेष फसल क्षति का मुआवजा का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*393. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री नल जल योजना में नालंदा जिला के प्रखंड एकंगरसराय के अंचलाधिकारी के पत्रांक 2244, दिनांक 3 दिसम्बर, 2019 के द्वारा सार्वजनिक स्थल पर निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र पर बोरिंग न गाड़कर संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं के मिलीभगत से मंडाच्छ पंचायत के वार्ड नं० 05 में निजी जमीन पर बोरिंग किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, हिलसा के कार्यपालक अभियंता को लिखित शिकायत करने के बाद भी संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्किंग जोन बनाना

*394. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में बढ़े हुये ट्रैफिक घनत्व एवं अत्यधिक जाम होने के कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार भागलपुर शहर में चिन्हित स्थल पर गाड़ियों की पार्किंग के लिये पार्किंग जोन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*395. श्री निरंजन राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा अंचल के बागमती नदी तटबंध परियोजना के दायां भाग में धनौर से कटरा तक निर्माणाधीन बांध हेतु कटरा मौजे के थाना नं० 172, चादर सं० 01 में किसानों की जमीन को अधिग्रहण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक भू-अर्जन पदाधिकारी के पत्रांक 283/रा०, दिनांक 26 फरवरी, 2014 एवं पत्रांक 1342/रा०, दिनांक 4 दिसम्बर, 2015 के आलोक में नई भू-अर्जन अधिनियम 2013 के प्रावधानानुसार उक्त मौजे के किसानों का अधिग्रहित जमीन के मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित नई भू-अर्जन अधिनियम 2013 के प्रावधानानुसार किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*396. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 5088, दिनांक 4 अगस्त, 2016 एवं पत्रांक 2574 दिनांक 9 मई, 2018 द्वारा नगर पंचायतों में ई-टेंडर के माध्यम से विकास संबंधित कार्य कराया जाना है, जबकि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, जगदीशपुर में उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त नगर पंचायत में विकास संबंधित कार्य ई-टेंडर के माध्यम से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव दूर करना

*397. श्री राजेश कुमार गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम शहर स्थित शिशु नेहरू पार्क में 6 माह तक जल-जमाव रहता है, जिसके कारण आम जनता पार्क में घुमने नहीं आ पाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार शिशु नेहरू पार्क को जल-जमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाँच करना

*398. श्री राजवंशी महतो--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत किसानों का अनाज सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मूल्य पर नहीं खरीदा जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पैक्स अध्यक्ष एवं बी०सी०ओ० के मिलीभगत से छोटे-छोटे व्यापारियों एवं बिचौलियों से अनाज खरीद कर गोदाम में भंडारण किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये किसानों का अनाज सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मूल्य पर पैक्स के माध्यम से खरीदने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

क्षति से बचाना

*399. श्री मुकेश कुमार यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड नानपुर के पंचायत जानीपुर में 250 की संख्या में बनैला सुअर एवं 50 की संख्या में नीलगाय का वास हो जाने के कारण फसलों को काफी नुकसान हो रहा है, किसान काफी परेशान है, यदि हाँ, तो नीलगाय एवं बनैला सुअर से फसलों की क्षति से बचाने हेतु क्या कार्य योजना है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दुग्ध केन्द्र खोलना

*400. श्री (डॉ०) शमीम अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बनजरिया प्रखण्ड के फुलवार उत्तर पंचायत के घोड़मरवा में दुग्ध केन्द्र नहीं रहने के कारण पशुपालकों को अन्यत्र स्थानों पर दुध ले जाकर बेचना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर दुग्ध केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*401. श्री रितलाल राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के कोथवाँ बैंक कॉलोनी (मुरघटिया) बगीचा होते हुये टार पर बगीचा होते हुये मुंडेश्वरी अपार्टमेंट तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण बरसात के दिनों में स्थानीय निवासियों एवं राहगिरों का पैदल चलना एवं अपने घर तक पहुँचने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

फसल सहायता का लाभ

*402. श्रीमती शालिनी मिश्रा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया नगर पंचायत के 75 प्रतिशत भू-भाग में खेती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत के अन्तर्गत कृषि कार्य होने एवं धान की अधिप्राप्ति होने के बावजूद फसल नष्ट होने पर किसानों को फसल सहायता का लाभ इस आधार पर नहीं दिया जाता है, कि यह नगर क्षेत्र है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केसरिया नगर पंचायत के किसानों को उनकी फसलों का नुकसान होने पर फसल सहायता का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि का भुगतान

*403. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगर पंचायत, परसा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त का भुगतान हो चुका है, लेकिन दूसरी किस्त का भुगतान नहीं होने के कारण आवास निर्माण कार्य बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आवास निर्माण की दूसरी किस्त की राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा उपलब्ध कराना

*404. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड के विषुनपुर राजे गाँव में पशु चिकित्सालय में चिकित्सक एवं चिकित्सा सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थानीय पशुपालकों को अपने पशुओं की चिकित्सा कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय में चिकित्सक एवं चिकित्सा सामग्री उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*405. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के फुलपरास अंचलाधिकारी के पत्रांक 187, दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 तथा फुलपरास अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 186, दिनांक 28 फरवरी, 2019 के आदेश के बाद भी प्रखंड फुलपरास के ग्राम-गौरीयारी डिववार स्थान के पास सरकारी जमीन को दो साल बीत जाने के बाद भी उक्त जमीन को आजतक अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*406. श्री विजय कुमार मण्डल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दावत प्रखंड अन्तर्गत कोवाथ नगर पंचायत में जोगनी से कुरमी टोला की दूरी 2 कि०मी० है तथा नगर पंचायत की आबादी 28000 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जोगनी से कुरमी टोला के बीच नाला का निर्माण नहीं होने से वार्ड नं० 2, 3, 4, 8, 7, 9 एवं वार्ड नं० 10 का जल निकासी नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोवाथ नगर पंचायत में जोगनी से कुरमी टोला के बीच नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*407. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया एक अन्तराष्ट्रीय पर्यटन स्थल होते हुये भी नगर पंचायत के अन्तर्गत आने वाली निगमाँ-मोनेस्ट्री से डॉक्टर वर्मा के घर तक पच्छट्टी मोड़ से मस्जिद तक एवं पावर ग्रिड से कटोरवा तक की सड़क जर्जर है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण हटाना

*408. श्री मनोज कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चंपारण अंतर्गत अंचल कोखा के जसौली पंचायत के जमुनिया में सरकारी परती जमीन पर कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सरकारी परती जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजनाओं का लाभ

*409. श्री अजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के पाटम पश्चिमी पंचायत एवं अन्य गाँवों में बहुतायत रूप में पान की खेती की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समुचित बाजार एवं सरकारी सुविधा नहीं मिलने के कारण पान उत्पादकों को पान की खेती में आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों के पान उत्पादकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मत्स्य पालन केन्द्र विकसित करना

*410. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत अपसद गाँव में 100 एकड़ का विशाल सरकारी तालाब स्थित है जिसमें अभी सामान्य रूप से मत्स्य पालन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब में वैज्ञानिक विधि से मत्स्य पालन केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला निर्माण कराना

*411. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 02 स्थित बैतल चौक से भाया एजाजी चौक होते हुये पासवान चौक स्थित स्लूईस गेट पूर्व निर्मित नाला काफी संकीर्ण और जर्जर है, जिसके कारण बैतल चौक और उसके आस-पास से आने वाले डिसचार्ज वाटर के कैरी कर पाने में उक्त नाला सक्षम नहीं है जिससे आस-पास के क्षेत्रों में जल-जमाव की गंभीर समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जल-जमाव से निजात दिलाने हेतु बैतल चौक के निकट से भाया एजाजी चौक होते हुये आर० सी० सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*412. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत चौसा प्रखंड स्थित प्रथम श्रेणी पशु औषधालय, फुलौत एवं अरजपुर तथा उदाकिशुनगंज प्रखंड में स्थित प्रथम श्रेणी पशु औषधालय खाड़ा में रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थानों पर स्थित प्रथम श्रेणी पशु औषधालय में पशु चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सरकारी अनुदान दिलाना

*413. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत असरगंज ग्राम पंचायत के असरगंज ग्राम के किसानों की जमीन मकवा पंचायत में पड़ने के कारण उक्त पंचायत के लोगों को मकवा पंचायत की जमीन का सरकारी अनुदान लाभ नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार असरगंज ग्राम पंचायत के किसानों का मकवा पंचायत में पड़ने वाले जमीन का सरकारी अनुदान का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान का लाभ

*414. श्री सुधाकर सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा ज्ञापांक 1097, दिनांक 8 मई, 2020 द्वारा गोपालगंज जिला के बरौली, विजयपुर एवं भोरे प्रखंडों में अप्रैल एवं मई, 2020 में हुई असमय वर्षा/आँधी/ओलावृष्टि से किसानों के हुये बर्बाद फसल के क्षतिपूर्ति हेतु किसानों को कृषि इनपुट अनुदान का लाभ देने के लिये कृषि निदेशक, पटना, बिहार को पत्र लिखा गया था, परंतु अभीतक उक्त प्रखंडों के किसान कृषि इनपुट अनुदान का लाभ के योजना से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों को कबतक कृषि इनपुट अनुदान का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*415. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड में करोना काल में सरकार की योजना के तहत भोजन, मास्क, साबुन एवं सेनेटाइजर आदि के वितरण का कार्य अंचलाधिकारी को दिया गया था, परंतु अंचलाधिकारी द्वारा उक्त सामग्रियों के वितरण में लापरवाही बरती गयी है तथा प्रखंड के कुछ पंचायतों में ही आंशिक वितरण किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्कीकरण कराना

*416. श्री अजय यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखंड अंतर्गत लेखा नगर के उत्तर में ब्लूबेल पब्लिक स्कूल से नीलकंठ अपार्टमेंट, साई कॉलोनी के साई निवास होते हुये पावर ग्रिड तक की पथ की लम्बाई लगभग 900 मीटर है, जो कच्ची सड़क है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उल्लेखित पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*417. श्री अजय यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र में जन-वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को अतरी, बथानी एवं खिजरसराय में स्थित गोदाम से गोदाम प्रबंधक द्वारा बोरा सहित अनाज का वजन किया जाता है एवं अनाज का निर्धारित वजन भी कम रहता है, साथ ही अनाज उतारने एवं लोड करने का खर्च भी जन-वितरण प्रणाली के विक्रेताओं से वसूला जाता है यदि हाँ, तो उक्त अनियमितता के विरुद्ध सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्कीकरण कराना

*418. श्री अवध विहारी चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान नगर परिषद् में जिला पदाधिकारी के आवास से शिवव्रत साह के मंदिर तक दाहा नदी के दोनों किनारे पर सड़क कच्ची है, जिसके कारण उक्त नगर परिषद् के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*419. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पत्रांक 954, दिनांक 18 जुलाई, 2019 के आलोक में जिला राजस्व शाखा, मधुबनी द्वारा पत्रांक 1002, दिनांक 19 जुलाई, 2019 के माध्यम से अंचलाधिकारी, लौकही से लौकही अंचल के ग्राम महादेवगढ़ स्थित सरकारी जमीन खाता सं० 256, पुराना खेसरा नं० 1984 पर किये गये अतिक्रमण से मुक्त कराने से संबंधित प्रतिवेदन की माँग की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन रहने का उल्लेख करते हुये एवं बाढ़ राहत के बाद अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अंचलाधिकारी, लौकही द्वारा ज्ञापांक 516, दिनांक 22 जुलाई, 2019 के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था जो आजतक कार्यान्वित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रोग की रोकथाम

*420. श्री विजय सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार, पूर्णियाँ, खगड़िया जिलों में बड़े पैमाने पर केला की खेती 30 वर्षों से होती आ रही है, परंतु 5 वर्षों से केला में पीलिया रोग लग जाने के कारण उक्त जिलों में केला की खेती विलुप्त होने के कगार पर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार केला में लगे पीलिया रोग की रोक-थाम के लिये कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*421. श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खतियान एवं नक्शा के अनुसार पटना नगर निगम, पी०डब्लू०डी० भवन, पटना, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर इंडिया काउंसिल, पटना इत्यादि विभाग की सरकारी जमीन को खासमहल नाम देकर वर्ष 1970 में 30 वर्षों के लीज पर 1 (एक) रुपये वार्षिक के लगान के तहत लगभग 20 हजार एकड़ जमीन नियम के विरुद्ध संपूर्ण राज्यों में बंदोबस्त कर दिया गया है, जिसका लीज 10 वर्ष पूर्व ही समाप्त हो गया है, परंतु अभीतक विभाग द्वारा उक्त विभागीय जमीन का अधिग्रहण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

सड़क का निर्माण

*422. श्री प्रणव कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर नगर निगम अन्तर्गत लाल कोठी से आजाद चौक, पसरहट्टा, राजीव गाँधी चौक, शीतला मंदिर होते हुये गुमती गोयनका तक सड़क जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा दिलाना

*423. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नरेनपुर एन०एच० के चौड़ीकरण के लिये आवासीय तथा व्यावसायिक जमीन का अधिग्रहण किया गया जिसका सरकारी एम०भी०आर० दर 1,60,000 से 2,00,000 प्रति डिसमल दिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधिग्रहित जमीन में एक ही खाता खेसरा के जमीन को अलग-अलग प्रकृति बनाकर किसी भू-स्वामी को 8,000 प्रति डिसमल तो किसी को 50,000 प्रति डिसमल मुआवजा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच करा कर भू-स्वामी के हित में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा सरकारी एम०भी०आर० के दर से देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नगर परिषद् बनाना

*424. श्री दामोदर रावत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत नगर पंचायत झाझा 1978 से कार्यरत है तथा नगर परिषद् में परिणत होने की सभी अर्हता पूर्ण करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, जमुई ने अपने पत्रांक 4285, दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 के द्वारा झाझा को नगर परिषद् बनाने की अनुशंसा सचिव, नगर विकास विभाग को भेजी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार झाझा नगर पंचायत को कबतक नगर परिषद् में परिणत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*425. श्री मुरारी प्रसाद गौतम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नगर पंचायत चेनारी के चेनारी बाजार-में बस पड़ाव पर सार्वजनिक शौचालय एवं पेयजल का अभाव है, जिससे यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार चेनारी बस पड़ाव पर सार्वजनिक शौचालय के साथ-साथ शुद्ध पेयजल कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*426. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग; यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 3 (न्यू कॉलोनी) में जल निकासी की समुचित व्यवस्था पी०सी०सी० सड़क नहीं होने से स्व० शमी खान के घर के निकट से मास्टर रईसउद्दीन के घर होते हुये जफर आलम गार्ड के घर तक सालों भर पानी लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पी०सी०सी० सड़क एवं आर०सी०सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाल उद्यान बनाना

*427. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत में कोई बाल उद्यान नहीं है, जबकि हल्का कचहरी मनिहारी के पीछे वार्ड संख्या 13 में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उपलब्ध सरकारी भूमि पर बाल उद्यान बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*428. श्री महानन्द सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नाला अमूमन उच्च तल से नीचे की ओर बनाया जाता है ताकि नाली के पानी का बहाव आसानी से हो जाये, लेकिन अरवल शहर में एन०एच० 110 में बना नाला का अंतिम छोर पूरब से दक्षिण की ओर कर देने से पानी का बहाव नहीं होता है, जिसका नतीजा है कि खनगाह रोड अरवल सिपाह मुहल्ले में पानी का बहाव हो रहा है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस नाले को कबतक ठीक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलमीनार चालू कराना

*429. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत आलमनगर प्रखंड के अधीन पानी टंकी मैदान, आलमनगर तथा एन०के०एम० हाई स्कूल, आलमनगर में बना जलमीनार आजतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त दोनों जलमीनार को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 25 फरवरी, 2021 (ई०)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 102 (एल०ए०), 2020-21 डी०टी०पी० -550